<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का रिम्स रांची में इलाज के दौरान निधन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया गहरा शोक।
- राज्य में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने की पहल शुरू, मुख्यमंत्री ने जेपीएससी और जेएसएससी को अगले वर्ष जनवरी तक परीक्षा कैलेंडर जारी करने का दिया निर्देश।
- सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त समेत सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चार सप्ताह में शुरू करने का दिया निर्देश।
- पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने जापान को पराजित कर दर्ज की लगातार दूसरी जीत।

*****************

भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का कल देर रात निधन हो गया। इस महीने की पच्चीस तारीख को खूंटी में सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनका इलाज रिम्स, रांची में चल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रिम्स में उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गहरी संवेदना जताते हुए उनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया।

*****************

राज्य में नई सरकार के गठन के साथ सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की प्रक्रिया तेज की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पहली कैबिनेट में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आय़ोग द्वारा रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर अगले वर्ष जनवरी माह के अंत तक परीक्षा कैलेंडर जारी करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने पुलिस नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा प्रक्रिया में संशोधन करने तथा दिसंबर माह से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि दो हजार पांच सौ करने समेत सात प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

*****************

बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो के परिजनों को दस लाख रुपए की अनुग्रह राशि और एक आश्रित को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देश और राज्य के लिए शहीद होने वाले अग्नि वीरों को सम्मान और सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

*****************

नई सरकार में शामिल होने वाले मंत्रियों तथा नेता प्रतिपक्ष को वाई प्लस की सुरक्षा मिलेगी। जबकि, विधायकों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। राज्य पुलिस की विशेष शाखा की समीक्षा बैठक में मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा व्यवस्था पर निर्णय लिया जाएगा। इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विधायकों को विशेष सुरक्षा दी जा सकती है जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों को जेड अथवा वाई प्लस सुरक्षा दी जा सकती है। वहीं पूर्व विधायकों की सुरक्षा में कटौती की जाएगी।

*****************

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चार सप्ताह के अंदर शुरु करने का निर्देश मुख्य सचिव को दिया है। अदालत ने सूचना आयुक्त के पदों को भरने की आग्रह वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त समेत सभी पद वर्ष 2020 से खाली हैं, जिस वजह से सूचना के अधिकार के तहत दर्ज शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*****************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से आधा दर्जन ट्रेनों के परिचालन को स्थगित कर दिया गया है। इसके तहत बर्धमान–हटिया–बर्धमान मेमू एक्सप्रेस, आद्रा–बरकाकाना–आद्रा मेमू एक्सप्रेस, बोकारो स्टील सिटी–रांची–बोकारो स्टील सिटी एक्सप्रेस टाटा नगर–हटिया–टाटानगर एक्सप्रेस और खड़गपुर–रांची–खड़गपुर एक्सप्रेस का परिचालन 30 नवंबर से पांच दिसंबर तक स्थगित रहेगा। वहीं, पन्द्रह ट्रेनों का परिचालन आंशिक और बदले हुए रूट से होगा, जबकि दो ट्रेनों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। जिन प्रमुख ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है उसमें आलप्पुझा– धनबाद एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा–रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा रांची एक्सप्रेस, रांची–पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, आनंदविहार टर्मिनल–पूरी एक्सप्रेस– रांची–दुमका एक्सप्रेस, रांची–हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस शामिल हैं।

*****************

राज्य सरकार अगले महीनें की पन्द्रह तारीख से किसानों से धान क्रय करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। खाद्य आपूर्ति विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में धान अधिप्राप्ति केंद्रों तथा राइस मिलों का चयन किया जा रहा है। सरकार ने किसानों से दो हजार चार सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का निर्णय़ लिया है। इसके अलावा प्रति क्विंटल सौ रुपए बोनस भी किसानों को दिए जाएंगे। सरकार ने इस वर्ष किसानों से साठ लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा है।

*****************

साहिबगंज जिले में पीएम कुसुम योजना के प्रति किसानों को लगातार जागरुक किया जा रहा है।

*****************

झारखंड स्टेट मेडिकल काउंसिल के निबंधक विमलेश कुमार ने कहा है कि राज्य में सेवा दे रहे सभी सरकारी और गैर सरकारी चिकित्सकों को इस वर्ष 1 दिसंबर से अगले वर्ष 31 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करने पर जुर्माना नहीं देना होगा।

*****************

ओमान की राजधानी मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में कल मौजूदा चैंपियन भारत ने जापान को तीन–दो से हरा दिया। यह प्रतियोगिता में भारत की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले, भारत ने थाईलैंड को 11–शून्य पर एकतरफा जीत दर्ज की थी। कल भारतीय टीम चीनी ताइपे के साथ और रविवार को कोरिया से ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले खेलेगी।

*****************

कुछ संक्षिप्त खबरें–

- रांची जमीन घोटाला मामले में आरोपी और जेल में बंद पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की पीएमएलए कोर्ट में अब नौ दिसंबर को सुनवाई होगी।
- सरायकेला–खरसावां जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत युवाओं को बेहतर भविष्य के मार्गदर्शन के लिए कल सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।
- खूंटी के बिरसा कॉलेज की मेजबानी में रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट की कल शुरुआत हुई. इसमें बड़ी संख्या में पुरुष तथा महिला एथलीट भाग ले रहे हैं।

*****************